11 विपदाओं से उबारते हैं भगवान : त्रिपाठी



12 शासकीयकरण की मांग को लेकर मंत्रालय का घेराव...











## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्धकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कूष्माण्डा यशस्वनीम्।।

विडंबना : स्वास्थ्य केंद्र मैनपुर परिसर में कछुआ गति से चल रहा स्टाफ क्वार्टर का निर्माण कार्य

# डॉक्टर व कर्मचारियों के लिए बन रहे एक करोड़ के क्वार्टर तीन वर्ष बाद भी अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से निर्माण किए जा रहे कार्यों का समय-समय पर निरीक्षण और मॉनीटरिंग नहीं होने पर निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। निर्माण कार्यों को देखने वाला कोई नहीं है जिसके कारण शासन प्रशासन के महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय स्टाफ के लिए एक करोड़ 15 लाख रुपए की लागत से आलीशान स्टाफ क्वार्टर भवन का निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है लेकिन निर्माण कार्य को देखने वाले संबंधित विभाग के अधिकारियों का इस ओर ध्यान ही नहीं है जबकि निर्माण स्थल पर एक सूचना फलक लगाया गया है जिसमें आधा अधूरा जानकारी लिखा गया है। सूचना फलक में लिखे गए जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग स्टाफ क्वार्टर का निर्माण कार्य लगभग एक करोड़ 15 लाख रुपए की लागत ▸▸|शेष पेज 10 पर



### डॉक्टर और कर्मचारी किराए के मकानों में निवास करने मजबूर



तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के बाद से ही मैनपुर क्षेत्र के सभी राजनीतिक दलों के नेताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा समय-समय पर मैनपुर में पदस्थ डॉक्टरों और स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों के लिए सर्व सुविधा युक्त आवास निर्माण को लेकर कई बार शासन प्रशासन को मांग पत्र सौंपा था जिसके फलस्वरूप मैनपुर में करोड़ों रुपए की राशि स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों और स्टाप के लिए आलिशान भवन निर्माण के लिए स्वीकृत किया गया और बकायदा निर्माण कार्य के लिए टेंडर भी किया गया ठेकेदार को ठेका दिया गया है लेकिन निर्माण कार्य बेहद धीमी और कछुए गति से किया जा रहा है निर्माण कार्य को देखकर ऐसा लगता है कि आने वाले बारिश से पहले भी यह निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाएगा जबकि मैनपुर में पदस्थ डॉक्टर और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अधिकारी जर्जर आवास और किराए के मकानों में निवास करने मजबूर हो रहे हैं।

### सूचना पटल में अधूरी जानकारी

जब भी कोई निर्माण कार्य किया जाता है निर्माण कार्य स्थल पर सूचना फलक बोर्ड लगाया जाता है और इसके लिए शासन से अलग से बजट स्वीकृत किया जाता है सूचना फलक बोर्ड में कोई भी निर्माण कार्य कब प्रारंभ हुआ कब तक पूर्ण करना है कितने लागत से किया जा रहा हैं कौन विभाग द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा है निर्माण एजेंसी का नाम और संबंधित विभाग के कार्यपालन यंत्री तथा उपयंत्री का नाम के साथ मोबाइल नंबर अंकित किया जाना जरूरी होता है सामान्य जानकारी इसमें लिखा होना चाहिए जिससे लोगों को यह आसानी से पता चल सके कि यह निर्माण कार्य कौन सा विभाग के द्वारा कौन निर्माण एजेंसी द्वारा किया जा रहा है लेकिन यहां लगाए गए सूचना फलक बोर्ड में आधा अधूरा जानकारी अंकित किया गया है, एक तरह से सूचना फलक बोर्ड लगाने में भी शासन के नियमों की अनदेखी किया गया है।

# सरपंच पति ने बिना पूर्व सूचना के स्मृति चिन्ह को जेसीबी से हटवाया, पुलिस से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

पंचायती राज अधिनियम के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने और पंचायतों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 50% आरक्षण दिया गया है। इसके अलावा, महिला जनप्रतिनिधियों के कार्यों में परिवार के सदस्यों के हस्तक्षेप को रोकने के स्पष्ट निर्देश भी शासन द्वारा जारी किए गए हैं। हालांकि, कुछ पंचायतों में सरपंच पति की भूमिका को लेकर सवाल उठते रहे हैं। हाल ही में जिला मुख्यालय गरियाबंद के समीप ग्राम पंचायत आमदी (म) में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें सरपंच पति के पंचायत कार्यों में दखल देने का आरोप लगा है। शिकायत के अनुसार, पंचायत के तहत मुक्तिधाम में साफ-सफाई के दौरान एक पुराने मठ स्मृति चिन्ह को हटा दिया गया, जिससे स्थानीय परिवारों में आक्रोश उत्पन्न हुआ।



शिकायतकर्ता राजकुमार तिवारी के अनुसार, मुक्तिधाम की भूमि पर उनके पूर्वजों का स्मृति चिन्ह स्थापित था, जहां परिवार के लोग नियमित रूप से पूजा-अर्चना करते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरपंच रेखा ठाकुर के पति जयंत ठाकुर ने बिना पूर्व सूचना के इस स्मृति चिन्ह को जेसीबी की सहायता से हटवा दिया। इस घटना के बाद परिजनों ने पुलिस और शिक्षा विभाग में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर आवश्यक जांच शुरू कर दी है। यदि आरोप सत्य पाए जाते हैं, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। गौरतलब है कि पंचायतों में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के कार्यों में बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए समय-समय पर शासन द्वारा निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। यह घटना पुनः इस मुद्दे को उजागर करती है कि जमीनी स्तर पर इन निर्देशों का कितना प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है।

# राशन दुकान के नशेड़ी सेल्समैन को नपं अध्यक्ष ने लगाई फटकार, सुधरा कामकाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम



### राजिम में 11 को खुलेंगी सभी राशन दुकानें

राजिम नगर के एक राशन दुकान का सेल्समैन सुबह से ही शराब के नशे में धुत होकर न केवल बैठता रहा है बल्कि उपभोक्ताओं से दुव्यर्वहार करते हुए घुमाता था। इसकी शिकायत नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव तक पहुंची। वे तत्काल संबंधित राशन दुकान में पहुंचे तो देखा कि सचमुच में सेल्समैन शराब के नशे में झूम रहा था। अध्यक्ष श्री यादव ने उन्हें चेतावनी देते हुए जब घुड़की लगाया तो वे एकदम नतमस्तक हो गए। दूसरे दिन से उनके रवैया में बदलाव आ गया। मंगलवार को नगर पंचायत में इसी संबंध में एक विशेष बैठक रखी गई जिसमें सोसायटी के सभी सेल्समैनों को बुलाया गया। उनके भी अपने पक्ष को निर्वाचित सभी जनप्रतिनिधियों ने ध्यान से सुना। फिर निर्णय हुआ कि अप्रैल माह में 11 तारीख को एक साथ सभी 6 दुकानें खुलेगी। अगले माह से 5 तारीख को एक साथ खोली जाएगी। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया ताकि उपभोक्ताओं को भटकना न पड़े। बैठक में राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति भारत यादव , आकाश सिंह राजपूत, मंशाराम कुर्रे, कुलेश्वर साहू, नरोत्तम-जुगु ठाकुर, तुषार कदम, उत्तम निषाद, बलराम यादव, सुरेश पटेल, अजय पटेल, रेखा -कुलेश्वर साहू, यशवंत निराला व सोसायटी के सभी सेल्समैन मौजूद थे।

## ऑटो सेंटर संचालक की संदिग्ध मौत

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मुडागांव नंदी चौक में स्थित तालाब के पार में बना कांप्लेक्स में उषा आटो पाट्र्स संचालित था जहां एक युवक की रहस्यमयी मौत का मामला सामने आया है। ऑटो सेंटर संचालक कुंज बिहारी साहू का शव उनकी ही दुकान में संदिग्ध अवस्था में मिला, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के मुताबिक, सुबह जब पड़ोसी ने दुकान का ताला खुला देखा, तो उसने तुरंत दुकानदार के सहकर्मी और मृतक के ससुराल पक्ष को बुलाया। जब सभी अंदर पहुंचे, तो कुंज बिहारी गाड़ियों और औजारों के बीच मृत अवस्था में पड़े ▸▸|शेष पेज 10 पर

## पहले कुंए में कूदा ग्रामीणों ने बचाया तो फांसी लगा ली, युवक की मौत

**मैनपुर।** जिले के मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम तौरेंगा से एक खबर निकलकर सामने आई है जिसमें एक युवक ने मरने के लिए सबसे पहले कुंए में छलांग लगा दिया जिसे ग्रामीणों ने बचाया तो रात में फांसी लगाकर अपना जीवन लीला समाप्त कर ली। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर ब्लॉक के जुगांड़ थाना अंतर्गत ग्राम तौरेंगा निवासी मृतक सलियार उम्र 29 साल मानसिक रूप से परेशान था। यह युवक 27 मार्च को रात में सबसे पहले कुंए में कूदकर जान देने की कोशिश की तो ग्रामीणों ने उन्हे बचाया तो युवक ने अर्धरात्रि में फांसी लगाकर अपना जीवन लीला समाप्त कर लिया जिसकी जानकारी पुलिस को देने के बाद ▸▸|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### सूरज आकाशवाणी रायपुर में 3 को करेंगे काव्यपाठ

**मुड़ागांव(कोरासी)।** जिले के ग्राम रानीपरतेवा के निवासी शिक्षक छोटेलाल सिन्हा के सुपुत्र सूरज को इन आकाशवाणी रायपुर से काव्यपाठ के लिए आमंत्रित किया गया है। आकाशवाणी रायपुर में यह उनकी लगातार दूसरी प्रस्तुति होगी, जिसका प्रसारण न्यूज ऑन एआईआर के रायपुर स्टेशन के युववाणी कार्यक्रम में 3 अप्रैल को शाम 5 बजे होने वाला है। एक क्षेत्रीय कलाकार के रूप में सूरज ने अंचल के 100 से अधिक मंचो में मंच संचालन एवं कविता पाठ कर चुके हैं तथा एनएसएस के राष्ट्रीय कैंप में काव्य प्रतियोगिता में इन्होंने पूरे भारतवर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। सूरज महज 12 वर्ष की उम्र से ही विभिन्न कवि सम्मेलनों में भाग लेते आए हैं और अब तक 8 अलग-अलग प्रकाशनों के काव्य संग्रह में इनकी कविता प्रकाशित हो चुकी है।



### द्वितीय सेमेस्टर की प्रथम आंतरिक परीक्षा आज से

**फिंगेश्वर।** फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर में पंजीकृत स्नातक पाठ्क्रम बीए, बीएससी एवं बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर कक्षाओं के प्रथम आंतरिक परीक्षा 02, 03, 04 और 05 अप्रैल 2025 को दो पालियों में आयोजित हो रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ▸▸|शेष पेज 10 पर

# सर्वे सूची में नाम होने के बावजूद हितग्राही को पीएम आवास का नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़ागांव(कोरासी)

गरियाबंद जिले के छुरा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सोरिद खुर्द निवासी परमानंद निषाद पिता स्वर्गीय संतुराम निषाद एक दिव्यांग युवा होते हुए अपने विधवा मां के प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ लेने विधायक जनपद जिला सीईओ सहित विकसित भारत संकल्प यात्रा आदि जगहों का चक्कर काट रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र हितग्राही का नाम गरीबी रेखा सर्वे सूची में नाम होने के बावजूद हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रही है। हितग्राही जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के चक्कर काटने को मजबुर है। जनपद पंचायत छुरा में अभी भी कुछ ऐसे हितग्राही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रही है। ग्राम पंचायत सोरिद खुर्द के विधवा महिला बुधयारिन बाई निषाद पति स्व संतुराम निषाद प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए जनपद एवं ▸▸|शेष पेज 10 पर






## खबर संक्षेप



### 130 पीएम श्री विद्यालयों का हुआ वर्चुअल लोकार्पण

**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्रि के पहले दिन रविवार को बिलासपुर जिले के महा भट्ठा ग्राउंड से छत्तीसगढ़ को 33700 करोड़ के विभिन्न लोकार्पण और शिलान्यास की सौगात दिया। इस अवसर पर पीएम मोदी के द्वारा 29 जिलों में संचालित 130 पीएम श्री विद्यालयों का वर्चुअल हो अर्पण किया गया। इस सुवसर पर पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मध्य विद्यालय गरियाबंद में भी समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने साला प्रांगण में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए इस गरिमा में कार्यक्रम के साक्षी बने लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मां सरस्वती की पूजा करते हुए विद्यार्थीयो द्वारा मां सरस्वती का वंदना किया गया। वर्चुअल संवाद में राज्य के पीएम श्री विद्यालय के प्रतिनिधि मंडल द्वारा छात्रा कुमारी मुस्कान राजपूत से विद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं व छात्र के अनुभव की जानकारी लिया गया कार्यक्रम में विशेष अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पार्क एवं शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रशांत मानिकपुरी समिति के सदस्य तरुण ठाकुर, बीईओ राजेंद्र ध्रुव विद्यालय का प्राचार्य वंदना पांडे व्याख्याता शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### पीएम मोदी की 33700 करोड़ की सौगात से प्रगति का नया अध्याय

**मैनपुर।** भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि नवरात्रि और नववर्ष के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ को कई सौगातें दी है जिसके लिए हम उनका आभार व्यक्त छत्तीसगढ़ के 3 लाख गरीब परिवारों ने अपने नए घरों में प्रवेश किया। यह अवसर प्रदेश के



विकास और प्रगति का प्रतीक बनकर आया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के लिए 33,700 करोड़ रुपये से अधिक की बहुआयामी परियोजनाओं का शुभारंभ किया, जिससे प्रदेश में अधोसंरचना, ऊर्जा, शिक्षा, और जनकल्याण के क्षेत्र में नए आयाम जुड़ेंगे, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मां महामाया की पावन भूमि से कई प्रोजेक्ट्स लॉन्च किए आवास और जनकल्याण के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 लाख लाभार्थियों का गृह प्रवेश। 18 लाख घरों के निर्माण का संकल्प, यह दिन छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ नागरिकों के लिए गर्व और उल्लास का विषय है। विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

### आंगनबाड़ी गई नौनिहाल का पैर गर्म पानी से झुलसा

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मैनपुरकला में आंगनबाड़ी पढ़ाई करने पहुंची नौनिहाल के पैर गर्म पानी से बुरी तरह झुलस गया लेकिन इसके संबंध में परिजनों को कोई सूचना नहीं दिया गया जिससे नराज परिजनों ने महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी मैनपुर को आवेदन देकर लापरवाही बरतने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पर कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मैनपुरकला निवासी पिलेश्वरी नागेश ने मैनपुर परियोजना अधिकारी को आवेदन सौंपकर बताया कि उनकी बेटी चित्रंशी नागेश उम्र 2 वर्ष आंगनबाड़ी पढ़ने भेजा गया था 1 अप्रैल को आंगनबाड़ी में नवनिहाल चित्रंशी नागेश के एक पैर में गर्म पानी गिर जाने से पैर बुरी तरह झुलस गया लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा इस संबंध में परिजनों को कोई खबर नहीं दिया जिसे परिजनों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिक की लापरवाही बताते हुए कार्यवाही करने की मांग किया है।

# मां गरजई के स्थान पर आती है कांसा के बजने की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

क्षेत्रों में देवी- देवताओं का क्षत्र छाया बना हुआ है, जो अपना आशीर्वाद क्षेत्र वासियों के ऊपर हमेशा से बना रहा है। इन सब देवी- देवताओं में एक माता का स्थान है गरजई जो घने जंगलों में घिरे पहाड़ी के ऊपर स्थित है, जैसा मां का नाम वैसी ही अपनी उपस्थिति का संकेत देती है, मां गरजई अनगिनत पत्थरों के बीच जंगलों की ऊंचाई को छूती 510 सीढ़ियों के ऊपर सबसे ऊंची पहाड़ी में स्थित है मां गरजई। विज्ञान आज भले ही चांद पर पहुंच गया हो किन्तु ईश्वरी शक्ति को चुनौती देना उसके बस में नहीं है। ऐसे ही बुजुर्गों के बताएं राह पर चलते हैं ग्राम धमना, पिपरछेडी, मदनपुर के निवासी मूल रूप से धमना के जंगलों के पहाड़ी डोंगरी में विराजित मां गरजई की ख्याति दूर-दूर तक फैल रही है। जानकारी के अनुसार मां गरजई धमना की डोंगरी में अपनी बहन सोनई रूपई के साथ दरबार लगा कर बैठी थी एक चरवाहा वहां अपनी भेड खोजते अचानक पहुंच गया जिससे गरजई देवी ने वापस जाकर अपने घर में भेड़ को देखने को कह कर वापस नीचे भेज दिया। मां गरजई धाम में 55 गांवों के देवी देवताओं की पूजा पाठ के लिए आमंत्रण किया जाता है। कुछ लोग सुंदरता प्रदान करने वाली देवी भी कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि जिसके चेहरे पर दाग-धब्बे होने पर मां सोनई रूपई के स्थान पर सिक्का चिपकाता है। उसके चेहरे पर शांति आ जाती है। समय के बदलाव के साथ मां गरजई की पूजा का विस्तार भी बढ़ता गया, दूर-दूर से लोग मां के स्थान ( कांसा बजने की आवाज )को देखने व सुनने आने लगे जिला बनने के बाद मां गरजई का यह धाम दिनों दिन प्रसिद्ध हो रहा है।

## लाल कमल का फूल है मां को अत्यंत प्रिय



### दूर-दूर से आते हैं भक्त

नवरात्रि में यहां दूर-दूर से मां के भक्त आते हैं। मां गरजई धाम अपने आप में एक अलग पहचान बनाई गई है। यहां दोनों पर्व पर देवी देवताओं का छत्र छाया बनीं रही तथा सुख समृद्धि क़ायम रहें। सभी देवी-देवताओं की उपस्थिति में ग्रामीणों द्वारा पूजा अर्चना होती है, इन देवी देवताओं में गरजई माता का मुख्य पूजा होती है। समिति के अध्यक्ष दलाराम ठाकुर, सचिव चन्द्रशेखर यादव, संरक्षक आशाराम, संयोजक ईश्वर वर्मा सहित समिति के सभी सदस्यगण एवं क्षेत्र समस्त ग्रामवासियों यहां के देखरेख में जुटे हुए हैं।

**शिविर : 7 से 21 अप्रैल तक, 13 से 27 मई तक और जून में 16 से 30 तक आयोजित होगा**

# समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पंचायतों में राजस्व पखवाड़ा 7 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। यह अभियान तीन चरणों में संपन्न होगा। अप्रैल माह में 07 से 21 अप्रैल तक, मई माह में 13 से 27 मई तक और जून माह में 16 से 30 जून तक आयोजित होगा। कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर इस विशेष अभियान के दौरान भूमि संबंधी विवाद, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, ऋण पुस्तिका जारी करने, भू- अधिकार पत्र, जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व मामलों का समाधान किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा के दौरान ग्रामीणों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करने के लिए राजस्व अधिकारियों की टीमें गांवों का दौरा करेंगी। शासन की मंशा है कि नागरिकों को अपने राजस्व संबंधी कार्यों के लिए भटकना न पड़े और उन्हें अपने ही ग्राम पंचायत में त्वरित सेवाए मिल सकें। इस अभियान से गांवों में राजस्व मामलों के निपटारे की प्रक्रिया को सुगम एवं पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी लंबित समस्याओं का निराकरण करवाएं।

उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह में 07 से 21 अप्रैल तक गरियाबंद तहसील के विभिन्न हल्का ग्रामों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। 07 अप्रैल को बारूका में शिविर लगाया जायेगा, जिसमें बारूका एवं मालगांव हल्का के आश्रित ग्राम के लोग शिविर में शामिल हो सकते है। इसी प्रकार 07 अप्रैल को ही दांतबायकला के शिविर में दांतबायकला एवं लोहारी हल्का के आश्रित ग्राम, 08 अप्रैल को पारागांव के शिविर में सढ़ौली, पारागांव एवं गरियाबंद हल्के के ग्राम व 08 अप्रैल को ही मरौदा के शिविर में मरौदा हल्के के ग्राम, 09 अप्रैल को जोबा के शिविर में गुजरा एवं जोबा हल्के के ग्राम, सड़क परसुली के शिविर में सड़क परसुली एवं मैनपुर 2 के हल्का ग्राम, 09 अप्रैल को आमदी द के शिविर में आमदी द, खरता एवं दर्रीपारा के हल्का के आश्रित ग्राम के लोग शिविर में शामिल हो सकते है।

### बरभाठा के पंचायत भवन में 7 को लगेगा राजस्व पखवाड़ा

इसके अलावा राजिम तहसील अंतर्गत 07 अप्रैल को ग्राम बरभाठा के ग्राम पंचायत भवन में राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जायेगा। 08 अप्रैल को बसीन, 09 अप्रैल को पोखरा में। तहसील फिंगेश्वर अंतर्गत 07 अप्रैल को पसौद में, 08 अप्रैल को पाली में, 09 अप्रैल को भसेरा में आयोजित किया जायेगा। तहसील छुरा अंतर्गत 7 अप्रैल को अकलवारा तथा कुटेना में, 08 अप्रैल को अमेठी व अतरमरा में, 09 अप्रैल को साजापाली व घटकर्रा में शिविर आयेजित किया जायेगा। मैनपुर तहसील अंतर्गत 07 अप्रैल को दबनई में, 08 अप्रैल को गोपालपुर में, 09 अप्रैल को देहारगुड़ा में शिविर आयोजित होगा।

### 8 अप्रैल को ग्राम पंचायत धरनीढोडा एवं सरगीगुड़ा में

अमलीपदर तहसील अंतर्गत ग्राम तेतलखुंटी एवं ग्राम मुड़गेलमाल में, 08 अप्रैल को ग्राम पंचायत धरनीढोडा एवं सरगीगुड़ा में, 09 अप्रैल को खोखमा व चिखली में राजस्व शिविर आयोजित होगा और तहसील कार्यालय देवभोग अंतर्गत 07 अप्रैल को सीनापाली में, 08 अप्रैल को बरकानी में तथा 09 अप्रैल को



सुकलीभाठा पु. में राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जायेगा। जिसमें शिविर हल्का ग्राम के आश्रित ग्राम शामिल होकर राजस्व पखवाड़ा शिविर का लाभ उठा सकते है।

# अध्यक्ष ने कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले भाजपा पार्षद को सभापति बनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

नगर पंचायत के सभापति पद के लिए कांग्रेस के नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा भाजपा के पार्षद को सभापति बनाने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में जहां आक्रोश है वहीं पर निर्दलीय प्रत्यासियों ने भी आश्चर्य व्यक्त करते हुए घोर नाराजगी व्याप्त है। कांग्रेसियों ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के पास मामले की शिकायत की है वहीं पर निर्दलीय प्रत्यासियों ने विपक्ष की भूमिका निभाने की बाते कहीं है। विगत स्थानीय निकाय चुनाव के अंतर्गत नगर पंचायत फिंगेश्वर का भी चुनाव सम्पन्न हुआ है। जिसमें समस्त कांग्रेस कार्य कर्ताओं की जी-तोड मेहतन तथा विपरीत परिस्थतियों में किए गए संघर्ष के परिणाम स्वरूप कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष विजयी रहे जिससे स्थानीय कार्यकर्ताओं का हौसला बुलंद होने के साथ-साथ अपेक्षाएं भी बढ़ गई है।



विगत दिनों कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष द्वारा पीआईसी का गठन किया गया है जिसमें कांग्रेस के निर्वाचित तीन पार्षद के साथ उपाध्यक्ष को सदस्य बनाया गया है परन्तु एक सदस्य की कमी थी जिसकी पूर्ति नगर अध्यक्ष राजनैतिक सोच एवं विचारधारा को समाप्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पार्षद को पीआईसी सदस्य मनोनित किया है। जबकि उनके पास सात निर्दलीय पार्षद में से तीन कांग्रेस पार्टी के विचारपारा से निर्वाचित हुआ है जिसमें से किसी एक को भी पीआईसी सदस्य बना सकते थे परन्तु नगर पंचायत के अध्यक्ष ने जानबूझ कर कांग्रेस के विरुद्ध चुनाव लडने वाले भाजपा पार्षद को पीआईसी सदस्य नियुक्त किया है। जो राजनैतिक विचारधारा तथा कांग्रेस परम्परा के विपरीत है। इसी प्रकार निर्दलीय प्रत्यासियों ने नगर पंचायत मे हुए बेमेल घटना से क्षुब्ध होकर बताया कि नगर पंचायत मे भाजपा एवं कांग्रेस एक हो गए हैं तो हम निर्दलीय पार्षद अब विपक्ष की भूमिका करेंगे। हम लोगों ने पार्षद नरेन्द्र रात्रे को विपक्ष का नेता चुन लिया है अब मनमानी रोकने एवं नगर विकास को लेकर अपनी भूमिका अदा करेंगे। ये 6 पार्षद हरिश हरित, नरेन्द्र रात्रे, अभिषेक सोनी, हेमनारायण महिंलांग, रामाधीन साहू एवं टीकाराम ध्रुव हैं।

# जिले में बोर खनन के लिए अधिकारी की अनुमति जरूरी

**5 अप्रैल से 30 जून तक जलाभाव क्षेत्र घोषित**

**गरियाबंद।** कलेक्टर गरियाबंद ने जिले में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक-3) 1987 की धारा 03 के अन्तर्गत पदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण गरियाबंद जिले को 5 अप्रैल से 30 जून 2025 तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। कलेक्टर के आदेशानुसार जिले में उक्त अवधि में अधिनियम की धारा-06 के अन्तर्गत सक्षम अधिकारी के पूर्वानुमति बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी भी अन्य प्रायोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा। लेकिन शासकीय एजेंसी जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सम्पूर्ण जिले में तथा नगर पालिक परिषद एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल के लिए अपने नगरीय निकाय की सीमा के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराए गए नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा। उक्त अनुक्रम में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूप खनन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से विधिवत अनुमति की आवश्यकता होगी। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने नलकूप खनन के लिए अनुमति प्रदान करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है। जिसके अनुसार अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी जिला गरियाबंद से नगर पालिका परिषद गरियाबंद क्षेत्र अंतर्गत नलकूप खनन की अनुमति लेनी होगी। इसी प्रकार अनुविभाग राजिम के क्षेत्र एवं नगर पंचायत राजिम, फिंगेश्वर एवं कोपरा के लिए एसडीएम राजिम से अनुमति लेनी होगी।

# शासकीयकरण को लेकर सचिव जंतर मंतर में बैठेंगे हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर

विकासखंड अभनपुर के ग्राम पंचायत सचिव जनपद पंचायत मुख्यालय के सामने एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर अनिश्चित हड़ताल पर है, हड़ताल पर बैठे ग्राम पंचायत सचिव ने कहा कि पंचायत सचिव विगत 30 वर्षो से पंचायत में सेवारत है, चुनाव के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा मोदी गारंटी के रूप मे शासकीय करण करने का वादा किया गया था, मोदी गारंटी को पूरा किए जाने के संबंध में 7 जुलाई 2024 को इंडोर स्टेडियम मे मुख्यमंत्री व मंत्रीयों द्वारा शासकीयकरण करने का भरोसा लेते हुए तत्काल कमेटी गठन करने की घोषणा की गई थी, 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास द्वारा समिति का गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का उल्लेख किया गया था, उक्त आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिव के शासकीयकरण के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है जिस पर पूर्ण भरोसा था कि आने वाले बजट सत्र मे शासकीयकरण की सौगात प्रदान की जायेगी लेकिन इस विषय पर कोई पहल नहीं की गई इसके चलते पूरे



प्रदेशभर के पंचायत सचिव क्षुब्ध हो कर हड़ताल पर बैठे है। पंचायत सचिवों ने इस बार आर पार की लड़ाई के मूड में है मांग पूरी नहीं होने की स्थिती में जंतर मंतर मैदान दिल्ली में अनिश्चितकालिन हड़ताल पर बैठने की योजना तैयार की जा रही है। धरने पर शेषनारायण साहू, रामनारायण साहू, द्वारिका साहू, रमेश साहू, उदयराम साहू, शंभूराम साहू, रामनारायण बारले, नारद साहू, तोषणी साहू, नकूल राम निषाद, हेमेन्द्र वैष्णव, अनुराग ठाकुर, दयाराम कुर्रे, जुगलकिशोर राय, यशवंत कुर्रे, हेमूचंद साहू, धमेन्द्र वर्मा, लीला साहू, प्यारेलाल रात्रे, शोभाराम साहू, उमेश शर्मा, अनुराधा साहू, सुरसेन साहू, मुकेश साहू, घनश्याम साहू, भुवन निर्मलकर, प्रीतम कामड़े, मोहन यादव, शत्रुहन चतुर्वेदानी, घनश्याम साहू, द्वारिका नाथ बघेल, रामचंद तारक, चन्द्रहास साहू सहित सचिव संघ के सदस्य गण मौजूद रहे।

# धरने पर बैठे दिव्यांगों को पुलिस ने उठाया, मरीन ड्राइव से तूता धरनास्थल किया शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी के तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव पर 6 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे दिव्यांगजनों को पुलिस ने उठाया। इन्हें पुलिस ने मरीन ड्राइव से नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल शिफ्ट किया है। दरअसल, 6 सूत्रीय मांगों के प्रति शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने प्रदेशभर के दिव्यांगजन 26 मार्च को मरीन ड्राइव से जयस्तंभ चौक तक स्वाभिमान पैदल मार्च निकालने के लिए एकत्रित हुये थे। पुलिस के रोके जाने के बाद से वे स्थल पर ही धरने पर बैठे थे और रविवार को उन्होंने प्रदर्शन भी किया था।

■ 6 सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे थे

### प्रमुख मांग इस तरह से

0 फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर काम करने वाले दिव्यांगजनों का राज्य मेडिकल बोर्ड से दिव्यांगता का भौतिक परीक्षण कराकर फर्जी दिव्यांग शासकीय कर्मचारियों को बर्खास्त किया जाये।

0 दिव्यांगजनों को प्रतिमाह 5 हजार मासिक पेंशन देने और बीपीएल की बाध्यता समाप्त करने की मांग।

0 18 वर्ष से अधिक के अविवाहित दिव्यांग युवती को महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जाये।

0 दिव्यांगजन विशेष भर्ती अभियान चलाकर जल्द शासकीय पद निकालते हुये विज्ञापन जारी किया जाये।

0 शासकीय दिव्यांग कर्मचारियों को पदोन्नति में 4 फीसदी आरक्षण देने की मांग।

0 बेरोजगार दिव्यांगों को बिना गारंटन लोने दिलाया जाये, कोरोनाकाल के पूर्व दिये गये सभी लोन माफ किया जाये।

## पेज 9 के शेष...

### डॉक्टर व कर्मचारियों...

से किया जा रहा है और इस भवन का निर्माण कार्य 11 महीने के भीतर पूर्ण करना था लेकिन यहां निर्माण कार्य पिछले तीन वर्षों से चल रहा है और निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चलने के कारण इसका लाभ स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर एवं कर्मचारियों को नहीं मिल पा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल परिसर मैनपुर में 2जी टाइप क्वार्टर 2 नग निर्माण किया जाना है जिसमें अभी तक सिर्फ एक तरफ के क्वार्टर का ही निर्माण कार्य लगभग पूर्णतः की ओर है और दूसरी तरफ का निर्माण कार्य अभी लेंटर लेबल तक नहीं पहुंचा है यह निर्माण कार्य सीजी मेडिकल सर्विसेस का लिमिटेट रायपुर संभाग द्वारा किया जा रहा है।

**भवन निर्माण से इसका लाभ मिलेगा-** मैनपुर क्षेत्रवासियों की मांग यह रही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर के भीतर यदि डॉक्टरों के लिए यह भवन का निर्माण कार्य जल्द पूरा कर लिया जाए तो किसी भी समय यहां मरीजों और घटना दुर्घटना की स्थिति में डॉक्टरों को अस्पताल तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी साथ ही संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण कभी भी कोई गंभीर स्थिति बनने पर स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर और अन्य कर्मचारी यदि परिसर में निर्माण किए गए भवन में निवास करेंगे तो तत्काल इसका लाभ मरीजों और गंभीर स्थिति में क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। **कलेक्टर के कड़े निर्देश के बाद भी निर्माण एजेंसी नहीं दे रहा ध्यान-** गरियाबंद जिला कलेक्टर द्वारा समय-सीमा की बैठक में गरियाबंद के स्पष्ट रूप से कहां है कि जो ठेकेदार जिले में निर्माण कार्य कर रहे हैं पूरे गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर निर्माण कायोंर् को पूरा करें, निर्माण कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर कलेक्टर ने कार्यवाही करने की बात कही गई है साथ ही लापरवाही और निर्माण कार्यों में लेटलतीफी करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने को कहा है इसके बावजूद भी निर्माण कार्य में तेजी देखने को नहीं मिल रहा है।

### ऑटो सेंटर संचालक...

मिले। उनके गले में रस्सी का टूटा हुआ हिस्सा था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह आत्महत्या है या इसके पीछे कोई गहरी साजिश। फिलहाल पुलिस मृतक के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आएगी। क्षेत्र के लोग इस घटना को लेकर सदमे में हैं और पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

### पहले कुंए में कूदा ...

पुलिस द्वारा उसके शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच की जा रही है। थाना जुगांड़ के प्रभारी यदुराज ठाकुर ने बताया युवक सलियार मानसिक रूप से परेशान था और युवक ने 28 मार्च को फांसी लगा लिया पुलिस द्वारा जांच किया जा रहा है।

### द्वितीय सेमेस्टर की...

के प्रावधानानुसार बीए, बीएससी एवं बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का डीएससी,जीई, एसईसी,एईसी तथा प्रैक्टिकल विषयों के प्रथम आंतरिक परीक्षा विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार उपरोक्त दिवसों में सम्पन्न कराने निर्देशित किया गया है। ज्ञातव्य हो कि डीएससी और जीई, विषयों की परीक्षा 20 अंको के और एसईसी, एईसी तथा प्रैक्टिकल विषयों के परीक्षा 10 अंको के होंगे। छात्र-छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाईन और ऑफलाईन दोनों विकल्प उपलब्ध कराये जा रहें है। परीक्षा संबंधी अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय के वेबसाइट तथा सूचना पटल का अवलोकन कर सकते हैं। उक्त जानकारी असिटेंट प्रोफेसर कमललेश्वर प्रसाद निषाद ने दी है।

### सर्वे सूची में नाम...

जिला के चक्कर लगाते लगाते थक चुकी है उन्होंने बताया कि छुरा जनपद में जा कर सर्वे सुची जांच कराई गई जिसमें सर्वे सूची 2002 के सूची में 78 नंबर पर होने के बावजूद हितग्राही को आज तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। बुधयारिन बाई निषाद विधवा होते हुए भी अपने दिव्यांग बेटा और बहू के साथ कच्चे मकान में रह कर जीवन यापन करना पड़ रहा है। कच्चे मकान में बारिश के दिनों में पानी जगह-जगह से टपकता है। मकान की मरम्मत कराते-कराते थक चुकी हैं। बंदरों के उत्पात मचाने से जगह जगह टूट गया है जिससे पानी टपकता है। प्रधानमंत्री आवास मिल जाए तो इस विधवा की समस्या दूर हो सकती है जिसको देखते हुए गरीब विधवा महिला एवं दिव्यांग बेटा ने शासन प्रशासन से गुहार लगाई है की जल्द से जल्द प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

# यादव ठेठवार समाज का वार्षिक अधिवेशन



**रायपुर।** किरनापार यादव ठेठवार समाज ने रविवार को बोहरही धाम पथरी में वार्षिक अधिवेशन का भव्य आयोजन किया। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि भक्तिमय माहौल में भगवान राधाकृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर समाज के अनेक सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिवेशन में मुख्य अतिथि प्रांताध्यक्ष राजिम महासभा गुलेंद्र यदु रहे। उन्होंने किरनापार द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन और जन्माष्टमी जैसे आयोजनों की सराहना करते हुए, किरनापार के पदाधिकारियों की कर्मठता और उत्कृष्ट कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए राज महासभा में उनके सक्रिय योगदान को भी रेखांकित किया। युवा प्रकोष्ठ महासभा राजिम के प्रांताध्यक्ष परमानंद यदु ने सामाजिक समरसता के माध्यम से समाज के संगठित होने पर बल दिया। महासभा राजिम के प्रांतीय महासचिव नरोत्तम यदु, महिला प्रकोष्ठ महासभा राजिम की प्रांताध्यक्ष ललिता यदु, रायपुर राज के अध्यक्ष संतोष यदु, किरनापार के अध्यक्ष कुलेश्वर यदु ने भी अपना संबोधन दिया। अंत में किरनापार पार के अध्यक्ष कुलेश्वर यदु ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### भीषण गर्मी में बदला स्कूलों का समय

**मैनपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने स्कूलो के समय सारिणी में बदलाव कर दिया है एक पाली में संचालित होने वाले प्राथमिक मिडिल हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल अब सुबह 7 बजे से 11 बजे तक संचालित होंगे। 1 अप्रैल से नए समय सारिणी के अनुसार स्कूल संचालित किया जा रहा है इसी तरह आंगनबाड़ी केन्द्रो का भी समय निर्धारित कर दिया गया है।

### पेयजल व्यवस्था सुचारू करने कंट्रोल रूम का गठन

**मैनपुर।** जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतो में पेयजल व्यवस्था सुचारू करने के लिए जनपद पंचायत द्वारा कंट्रोल रूम गठन किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मैनपुर "वेता वर्मा द्वारा ग्रीष्म ऋतु के दौरान मैदान स्तर पर पेयजल समस्याओ के त्वरित निराकरण तथा पेयजल की सुचारू व्यवस्था बनाये रखने के लिए विकासखण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। आम जनता हेतु विभागीय टोल फ्री नंबर 18002330008 में पेयजल समस्या हैंडपंप बिगड़ने की सूचना दर्ज करा सकते है साथ ही ग्राम पंचायतो के सरपंचो को पत्र जारी कर दीवार लेखन कर प्रचार प्रसार कराने तथा चौक –चौराहों पर प्याउ घर खोलने पत्र भेजा गया है।

### खरीपथरा में आंगनबाड़ी भवन निर्माण करने की मांग

मैनपुर। विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत खरीपथरा में आंगनबाड़ी भवन जर्जर होने के कारण बच्चों को भारी परेशानी हो रही है ग्रामीणों के द्वारा नए आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मांग की गई है। इस संबंध में एक मांगपत्र गरियाबंद कलेक्टर के नाम सौपा गया है और ग्रामीणों ने बताया की खरीपथरा के आश्रित ग्रामों में सर्व सुविधायुक्त आंगनबाड़ी के अभाव में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रवचन : श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह प्रसंग के दौरान मड़वा गीत में जमकर झूमे श्रद्धालु

# विपदाओं से उबारते हैं भगवान : त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

रांवड़ के भारत माता चौक में स्व पुरन लाल निषाद परिवार द्वारा आयोजित श्रीमदभागवत कथा महापुराण के सातवां दिवस मंगलवार को रुक्मणी विवाह प्रसंग के दौरान व्यासपीठ से पंडित दिलीप त्रिपाठी महाराज जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण जीवन में पुण्य अर्जित करने का एकदम सही व सटीक मार्ग है परंतु अधिकतर लोगो के पास कथा सुनने के लिए समय नही रहता और जब समय रहता है तो वह मोह-माया और लालच में फंसा रह जाता है जबकि अपने व अपने परिवार के खुशहाली सुख समृद्धि और शांति के लिए कथा सुनने के लिए समय जरूर निकालना चाहिए। ऐसा अवसर बहुत कम मिलता है। अवसर का लाभ उठाना चाहिए। कथा सुनने में कुछ लगता नही है। मनुष्य मोह माया और लालच में इधर-उधर भटकता रहता है। पंडित जी ने भगवान के दिव्य चरित्र और उनके प्रेम के महत्व को बहुत ही अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया। बताया कि मनुष्य के जीवन में कई तरह की विपदाएं आती और जाती रहती हैं। इन हर विपदाओं और संकटो से भगवान ही निकालता है। अतएव प्रभु के लिए रोज समय अवश्य निकाले। कथा,भागवत,रामायण सुनने परिवार के साथ जरूर जाएं। पंडित जी ने व्यासपीठ से कथा के सातवां दिन श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह प्रसंग की कथा का शानदार वर्णन किया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण और रूखमणी की वैवाहिक जोड़ा की आकर्षक जीवंत मनमोहक झांकी सजाई गई थी। भगवान श्रीकृष्ण की बारात बड़ी धूमधाम से निकाली गई। बारात सहित विवाह की सभी रस्में विधिविधानपूर्वक आतिशबाजी के साथ किया गया। लोगों की भारी भीड़ और चहल-पहल रांवड़ के प्रमुख मार्ग में देखा गया मानो किसी के घर शादी विवाह का रस्म होने जैसा प्रतीत हो रहा था। सबके हाथ और चेहरे पे हल्दी का लेप लगा हुआ था। क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण रूखमणी का विवाह प्रसंग चल रहा था। मंच में ही बारात की अगुवानी की गई। इसके बाद विवाह प्रसंग के साथ विवाह की सभी रस्में पं जी ने मंत्रोच्चार करके पूरा किया। शादी मंडप में होने वाला जैसा दृश्य साखोचार, पैर धुलाई जैसे रस्म के साथ रुक्मणी को उपहार स्वरूप नगदी, बर्तन, कपड़े, पलंग ,गद्दा आदि भेंट किए गए।





### दिव्य कथा में जीवन जीने का गुढ़ रहस्य छिपा हुआ है : विधायक



भगवान श्रीकृष्ण रूख्मणी विवाह कथा प्रसंग और शादी के रस्म के दौरान घराती-बराती की भूमिका भी यहां देखी गई। राजिम विधायक रोहित भी इसमें शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होने कहा कि विनायक परिवार द्वारा आयोजित भागवत महापुराण कथा में डुबकी लगाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मै परिवारजनो के लिए मंगल कामना करता हूं। पुण्य का प्रतिफल स्वरूप भगवान श्री के कथा सुनने का अवसर हम सबको मिला है। कहा कि नौ दिनो के इस दिव्य कथा में जीवन जीने का गुढ़ रहस्य छिपा हुआ है। ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहना चाहिए जिससे समाज में एकता और भाईचारा बढ़ता है, साथ ही धर्म की जड़ मजबूत होता हैं। विधायक श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में भगवान श्रीराम लला का भव्य मंदिर निर्माण कराया तो हम सबकी आस्था और अधिक जागृत हुई।

### ये थे मौजूद

मंगलवार को कथा श्रवण करने के लिए विधायक रोहित साहू के अलावा इस क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे। जिसमें पंचराम निषाद,राजकुमार-रूखमणी निषाद,डुवन-सरस्वती निषाद, सरजु-श्रीमती अंबा,सीता पारकर,नारद राम,कुमारी बाई निषाद,देवला निषाद, गमन निषाद,गिरजा निषाद,खिलेश-साक्षी निषाद,थामेश-सोनिया निषाद और विशेष रूप से जिला पंचायत सदस्य नंदनी साहू के प्रतिनिधि ओंकार साहू, भाजपा नेता रामाधार साहू,जनपद उपाध्यक्ष सतीष यादव,जिला पंचायत सदस्य नंदनी ढीढी,मंगलू साहू,सत्यवान साहू, विधायक के निज सचिव किशोर साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, मंडी अध्यक्ष ललित साहू,युगल साहू, प्रेम टोडर, मदन साहू, रामजी साहू, माधुरी साहू, तामेश्वरी सोनवानी,बेनी यादव, हृदय,,परसदाजोशी के सरपंच गिन्नी सोनी, भारत यादव, सियाराम साहू,नीरा साहू,हेमू सिन्हा ,भागीरथी सिन्हा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद थे।

# समाज गौरव सम्मान से सम्मानित हुए महेन्द्र पंत


हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छतीसगढ़ के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला धमनी के शिक्षक महेन्द्र पंत को समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। अकादमी के द्वारा राज्य स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन वृंदावन हाल सिविल लाइन रायपुर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा उपस्थित थे। अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर विजय खण्डेलवाल तथा विशेष अतिथि के रूप निधी चंद्राकर, जागेशवरी मेश्राम, मीना भारद्वाज, संजय मैथील उपस्थित थे। कार्यक्रम में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी के द्वारा नारी सशक्तिकरण एवं राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भर के शिक्षक, समाजसेवी एवं अन्य व्यक्तियों को उनके द्वारा किये जा रहे विशेष कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें शिक्षा, साहित्य एवं समाजोन्मुखी विशिष्ट कार्योर् के लिए शासकीय प्राथमिक शाला धमनी के शिक्षक महेन्द्र पंत को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतिक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षक महेन्द्र पंत के द्वारा अपने विद्यालय में नव अन्वेषण, नवाचार, खेल खेल में शिक्षा, सामुदायिक सहभागिता, माता उन्मुखीकरण के द्वारा बच्चों के सवांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस उपलब्धि पर प्रधानपाठक गोप कुमार साहू, सुखेन साहू, प्रभारी प्राचार्य पूरन लाल साहू, खेलन साहू, भागचंद चतुर्वेदी, खोमन सिन्हा, रोमन लाल साहू, राधेश्याम साहू, नीलम धनकर, प्रमोद गोस्वामी, नंदेश्वर ठाकुर, अनिल साहू, पवन साहू, उत्तम भारती, प्रीति नायक, पदमनी साहू, अनिता राजपूत, मनीषा दीवान संकुल एवं शाला परिवार ने बधाई दी है।



# गर्मी के दस्तक के साथ कूलर-पंखे बाजार में पहुंचने लगे

मैनपुर। गर्मी के दस्तक के साथ चार पांच महिनों से जंग लगे हूए कुलर व पंखा को निकालकर मरम्मत कर रहे हैं। वहीं नगर में नए कूलर- पंखों की बिक्री बढ़ चुकी है। बिगडी हूई कुलर पंखों को मेकेनिक की दुकान में पहुंचा रहे हैं, लोग गर्मी से निपटने के लिए अपनी तैयारी कर रहे है नगर में 1500 से लेकर 15000 हजार तक के कुलर लोग अपने अपने पंसद के हिसाब से खरीद रहे है, लोगों की दिनचर्या गर्मी के चलते परिवर्तन आना शुरू हो गया है दुकानों में कूलर पंखे बिक्री के लिए



पहुचने लगे है। गर्मी में तापमान के बढ़ते तेवर के साथ ही कूलर और पंखों की डिमांड बढ़ने लगी है। इलेक्ट्रानिक दुकानों के साथ-साथ चौक चौराहों में विन्डो कूलर की दुकानें सज गई है जिसकी खरीददारी शुरू हो गई है। इस बार भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए प्लास्टिक कूलर से लेकर चादर से बनने वाली कूलर की मांग सर्वाधिक हो रही है। मार्च के अंतिम सप्ताह और अप्रैल के शुरूआत में कूलर की बिक्री बढ़ने से व्यवसायियों के चेहरे में खुशी नजर आने लगी है। दुकान संचालकों का कहना है इस बार भी ग्राहकों की सुविधा के लिए विभिन्न डिजाइनों में कूलर मंगाए गए हैं जिसकी बिक्री सर्वाधिक हो रही है पंखों की डिमांड भी बढ़े है।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



**खबर संक्षेप**



### रमई माता का जिपं सदस्य ने किया दर्शन

**मुड़ागांव(कोरासी)।** जिले के छुरा विकास खण्ड के अंतिम छोर ग्राम पंचायत सोरिद खुर्द से दो किलोमीटर की दूरी पर निर्जन पहाड़ी प्राकृतिक झरना, मनोरम दृश्य शील पर अदृश्य दिव्यस्वरूपी आठवीं शताब्दी के प्राचीन मुर्तियां भगवान विष्णु भ्राता लक्ष्मण नर्सिंग पताल भैरवी अर्धनारेश्वर धरती फोर शिव लिंग सहित माता रमई पाठ धाम में चैत्र नवरात्र पावन पर्व पर मनोकामना ज्योति कलश के दर्शन के लिए पहुंचे क्षेत्र के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य लेखराम ध्रुवा, नीरज चन्द्राकार, नीलम चन्द्राकार ने दर्शन किया और क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना के लिए आर्शीवाद लिया। इस दौरान समिति के सदस्य हेमन्त सेन, मनीराम यादव सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पंचमी आज और रामनवमीं 6 को मनाएं : पं. त्रिभुवन

**छुईहा बेलर।** प्रख्यात भगवताचार्य ज्योतिष त्रिभुवन मिश्रा बारूला वाले ने कहा की चैत्र नवरात्रि 2025 इस बार 8 दिन का हैं। एक तिथि की हानि की वजह से दो तिथियों की पूजा एक ही दिन हो रहा है। खास बात ये कि यह तिथि 2 अप्रैल को ही है और इसी दिन पंचमी श्रृगार उत्सव मनाए। दो तिथियां में साधकों को इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए, नहीं तो अनजाने में जानकारी न होने की सूरत में आठ दिन का नवरात्र खंडित हो सकता है, पाठ अधूरे रह सकते हैं। पं. त्रिभुवन मिश्रा ने बताया कि चैत्र नवरात्र 30 मार्च 2025 रविवार को शुरू हुए हैं। नवरात्रि का नौवां दिन यानी रामनवमी रविवार 6 अप्रैल को है, यानी इस बार चैत्र नवरात्र 8 दिन में ही समाप्त हो रहे हैं। पंचांग के अनुसार, इस बार पंचमी तिथि का क्षय है. पंचमी के दिन स्कंदमाता की पूजा होती है। चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि को मां दुर्गा के पंचम स्वरूप माता स्कंदमाता की पूजा का विधान है। मान्यता है कि यह मां अपने भक्तों पर स्नेह लुटाती हैं। मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना करने से नकारात्मक शक्तियों दूर होती हैं और कार्यों की विघ्न-बाधा भी खत्म होती है। मां दुर्गा के पंचम स्वरूप स्कंदमाता की पूजा नवरात्रि की पंचमी तिथि पर की जाती है। स्कंदमाता की भक्तिभाव से पूजा-अर्चना करने व व्रत करने से जातक की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि 2 अप्रैल 2025, बुधवार को है।



### तेंदूफल पककर तैयार, बिक्री के लिए बाजार में पहुंचा

**मुड़ागांव(कोरासी)।** जहां तेंदुपत्ता हरा सोना का व्यावसायिक उपयोग प्रसिद्ध है, वहीं उसका फल भी कम नहीं है। गर्मियों के दिनों में जंगल में जब यह पीले-नारंगी रंग का पका हुआ पेड़ पर नजर आता है। वनांचल क्षेत्र ग्रामों में इन दिनों सड़क किनारे बैठ कर आदिम जनजाति के लोग 10 रुपए कुड़ही में बेचते नजर आ रहे हैं वहीं इसे बड़े चाव से खाते हैं। यह फल स्वाद में खट्टा-मीठा होता है और शरीर को ठंडक देने का काम करता है। इसमें मौजूद प्राकृतिक शर्करा और पोषक तत्व इसे ऊर्जा का बेहतरीन स्त्रोत बनाते हैं। तेन्दु का फल सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं बल्कि औषधीय गुणों से भी भरपूर होता है। पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में इसका उपयोग पेट संबंधी समस्याओं, त्वचा रोगों और हड्डियों को मजबूत करने के लिए किया जाता है। इसकी छाल और बीज भी कई औषधीय गुणों से युक्त होते हैं।जंगल और पर्यावरण के लिए वरदान तेन्दु के वृक्ष जंगलों के पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं यह सूखे इलाकों में भी उगता है और मिट्टी को कटाव से बचाता है।इसके फूल मधुमक्खियों और अन्य परागण करने वाले जीवों के लिए उपयोगी होते हैं जिससे जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है।



**मांग : पंचायत सचिवों ने की आरपार लड़ाई की तैयारी, आज से क्रमबद्ध करेंगे आंदोलन**

# शासकीयकरण की मांग को लेकर मंत्रालय का घेराव स्थगित, 8 को नंगाड़ा बजाकर करेंगे विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे पंचायत सचिवों ने आरपार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है पंचायत मंत्री से वार्ता विफल होने के बाद प्रांतीय पदाधिकारियों ने रणनीति तैयार की थी जिसमें बदलाव करते हुए आंदोलन की रूपरेखा सहित तिथि जारी कर दी है यदि क्रमशः आंदोलन के बाद भी बात नहीं बनी तो प्रदेशभर के पंचायत सचिव जंतर मंतर दिल्ली में मांग पूरी होने तक आंदोलन करेंगे। इस संबंध में सुबे के मुखिया सहित अन्य संबंधितों को भी जानकारी भेज दी गई है। ग्राम पंचायतों के तमाम सरकारी योजनाओ का क्रियान्वयन ग्राम पंचायत के सचिव करते है उनके द्वारा सरकार की योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाई जाती है ग्राम पंचायत सचिव संघ लंबे समय से शासकीयकरण की मांग कर रहे है इसके बावजूद उनकी अब तक पूरी नहीं हो सकी है पंचायत सचिवों को विधानसभा के दौरान मोदी की गांरटी के तहत मांग पूरी करने के आश्वासन से बेहद उम्मीद थी लेकिन सरकार गठन को लगभग एक साल से अधिक होने के बाद भी ठोस पहल नहीं हो सका है जिससे नराज पंचायत सचिव 18 मार्च से जनपद कार्यालय मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल में है उनके हड़ताल में चले जाने से पंचायत के अलावा अन्य विभागों के संबंधित कामकाज प्रभावित हो रहा है जिसे देखते हुए बिते दिनों शासन द्वारा एक आदेश जारी किया गया था जिसमें 24 घंटे के भीतर काम पर नहीं लौटने वाले पंचायत सचिवों के खिलाफ कार्यवाही संबंधी निर्देश जारी करने कहा गया था जिसकी प्रति जलाकर पंचायत सचिवों ने विरोध जताया था इसके कुछ ही दिन बाद 26 मार्च को पंचायत मंत्री के साथ प्रदेश सचिव संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई थी यह वार्ता विफल होने के बाद प्रांतीय पदाधिकारियों ने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया। इस दौरान बनाई गई रणनीति में संसोधन करते हुए रूपरेखा के साथ तिथि जारी किया कर दिया है अब पंचायत सचिव 02 अप्रैल से क्रमबंध हड़ताड़ करेंगे इसके बाद भी बात नहीं बनी तो प्रदेशभर के सचिव देश की राजधानी दिल्ली रवाना होंगे जहां जंतर मंतर में मांग पूरी होने तक आंदोलन करेंगे। इस आशय से प्रांतीय संगठन में सुबे के मुखिया विष्णुदेव साय सहित संबंधितों को अवगत करा दिया है।

■ हड़ताल से बात नहीं बनी तो दिल्ली जंतर -मंतर में आंदोलन करने जाएंगे पंचायत सचिव



**नए सरपंचों को नहीं मिला प्रभार, गांव में समस्या को लेकर परेशान**

ग्राम पंचायत सचिव संघ द्वारा शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवस्था बिगड़ गई है। ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंचों को अब तक पदभार नहीं मिला है। गांवों में गर्मी के साथ पेयजल और निस्तारी जल की समस्या बढ़ गई है नया सरपंच पदभार ग्रहण नहीं करने के कारण चाहकर भी गांवों के मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रहे है ग्राम पंचायत के सचिव हड़ताल में है जिससे गांवों में पेयजल, निस्तारी जल, नाली सफाई और मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है जिससे भारी नराजगी देखने को मिल रही है।

**ये है क्रमबद्ध आंदोलन की रूपरेखा**

2 से 6 अप्रैल तक जनपद स्तर पर हड़ताल, 07 अप्रैल को जिला स्तर पर रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौपना, 08 अप्रैल को जनपद स्तर पर नंगाड़ा बजाकर विरोध प्रदेर्शन, 09 अप्रैल को जनपद स्तर पर रामायणगान कर विरोध प्रदर्शन, 10 अप्रैल को जनपद स्तर पर हड़ताल पंडाल में महावीर जयंती मनाना, 11 अप्रैल को जनपद स्तर पर क्रमिक भूख हड़ताल, 12 अप्रैल को जनपद स्तर पर सरकार को सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा पाठ, 13 अप्रैल को जनपद स्तर पर क्रमिक भूख हड़ताल, 14 अप्रैरल को जनपद स्तर पर हड़ताल परिसर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाना, 15 से 19 अप्रैल तक जनपद स्तर पर क्रमिक भूख हड़ताल, 20 अप्रैल को प्रदेश के समस्त सचिव जंतर मंतर मैदान के लिए रवाना एवं 21 अप्रैल से मांग पूरा होने तक जंतर मंतर मैदान दिल्ली में अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जायेगा।

## समूह की बहनों ने सिर्रीखुर्द स्कूल के बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा





शासन के द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजना में से एक स्कूलों में न्योता भोज का आयोजन बहुत ही सुंदर एवं सार्थक पहल है इसी तारतम्य में प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द के बच्चों को माता रानी स्वसहायता समूह के बहनों द्वारा हिन्दू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज का उद्देश्य बच्चों को बीच-बीच में उनके मनपसंद और पौष्टिक भोजन खिलाना जिससे उनका शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास हो सके न्योता भोज में बच्चों को खीर, पुड़ी, दाल, चावल, पापड़, सब्जी में कटहल, टमाटर चटनी,सलाद, जलेबी,केला, मिठाई परोसा गया। स्वादिष्ट भोजन कर बच्चे प्रसन्न हुए। सरपंच देवेंद्र वर्मा ने कहा की हमारे प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द मे पढ़ाई के साथ-साथ बस्ता मुक्त शनिवार पर अन्य गतिविधियां कराया जाता है जिससे बच्चों का मानसिक शारीरिक बौद्धिक विकास होता है। शिक्षक खोमन सिन्हा के द्वारा सभी महापुरुषों की जयंती, पुण्यतिथि, तीज त्यौहार, गांव की वृद्ध जनों का सम्मान महिलाओं का सम्मान, युवाओं का सम्मान, मितानिनों का सम्मान, के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान करते रहते हैं। न्योता भोज कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत सिर्राखुर्द के सरपंच देवेंद्र वर्मा, प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव, माता रानी स्वसहायता समूह के अध्यक्ष तिलेश्वरी निर्मलकर, सचिव अगेश्वरी साहू, ममता मतावले, जामा साहू, सीता साहू, सोनिया निर्मलकर, द्रौपदी साहू, नीरा वर्मा, सरिता सोनी, ज्योति शर्मा, संतोषी कंडरा, पंच मंदाकिनी साहू, शिवचरण यादव, शिक्षक घनश्याम कंवर, लीलाराम मतावले शिक्षक खोमन सिन्हा उपस्थित रहे।



### ट्राईसिकल पाकर बुजुर्ग का चेहरा खिल उठा

**मैनपुर।** जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य लोकेश्वरी नेताम दो दिन पूर्व ग्राम तौरेंगा के दौरे पर पहुंचे थे। इस दौरान बुजुर्ग ग्रामीण पुनित राम नेताम ने उन्हे ट्राईसिकल दिलाने की मांग किया था और बताया था कि उन्हे आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है कई बार मांग कर चुके है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने मंगलवार को स्वयं ट्राईसिकल लेकर पुनित राम नेताम के घर तौरेंगा पहुंचे तो पुनित राम नेताम ने ट्राईसिकल पाकर काफी खुश नजर आए और जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा की गरीब पिछड़े क्षेत्र के लोगों के लिए आपके द्वारा हमेशा से इस तरह के कार्य किये जा रहे है जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। इस मौके पर ग्राम के पंच बुधियाबाई, पुसउ, मुकेश, रामकिशन, परमेश्वरी नेताम, माधुरी नेताम सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने में सेवा कार्य के लिए स्काउट्स सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ गरियाबंद के पदेन संरक्षक, कलेक्टर दीपक अग्रवाल तथा पदेन आयुक्त जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत के निर्देशन पर सुभाष चन्द्र बोस दल छुरा के स्काउट्स द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन में सेवा कार्य किया गया। रिटर्निंग ऑफिसर रामसिंग सोरी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तारेंद्र कुमार ठाकुर एवं लाल सिंग मरकाम द्वारा मतदाता मित्र के रूप में सहयोग देने के लिए बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किए। मुख्य नगरपालिका अधिकारी लाल सिंग मरकाम, नवनिर्वाचित पार्षद सलीम मेमन, पूर्व सांसद प्रतिनिधि हेमंत कंसारी, कार्यालय सहायक रामाधार यादव के हाथों प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर सीएमओ लाल सिंग मरकाम ने कहा कि स्काउट मास्टर अर्जुन धनंजय सिन्हा के कुशल नेतृत्व में नगर के स्काउट्स हर क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि हासिल कर रहे हैं। स्काउटिंग सही मायनों में सेवा का पर्याय है। स्काउटिंग बच्चों को नैतिक मूल्यों की सीख देता है और जिम्मेदार नागरिक बनाता है। भलाई के कार्य से स्वावलंबन की सीख मिलता है, अच्छे व्यक्तित्व की प्राप्ति होती है। सेवा भाव मानव जीवन को सार्थक बनाता है एवं समाज में सकारात्मक बदलाव लाता है। स्काउटिंग, बच्चों में विपरीत परिस्थितियों में भी जीवन जीने की प्रेरणा देता है। नवनिर्वाचित पार्षद सलीम मेमन ने कहा कि स्काउटिंग आदर्श जीवन शैली की बुनियाद है। स्काउटिंग के क्षेत्र में छुरा नगर का इतिहास उज्जवल रहा है और हमारी दुआ है कि आगे भी नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। स्काउट्स मोहन ध्रुव, लूशेन, देवेन्द्र, मोहित दीवान, सोनसाय, अजय सोरी, बिसनाथ, देवराज, भूपेन्द्र, खुमेश, चरण सम्मानित हुए। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के शिक्षाविद स्काउट मास्टर केआर सिन्हा, सीआर सिन्हा, बीएल तारक, एसआर निषाद, अध्यक्ष संतराम साहू, प्रधानपाठक एनआर ठाकुर, वरिष्ठ शिक्षक एमआर देवांगन, उमेश कुमार ढीढी, चंद्रभूषण निषाद, सुशील कुमार पांडे, तरुण कुमार साहू, शीतल चंद्राकर, करुणा वर्मा ने बच्चों को शुभाशीष प्रदान किया।

## मां ब्रम्हचारिणी दरबार में 401 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित



**राजिम।** मां ब्रम्हचारिणी दरबार में चैत्र नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। समिति के भगत भरतलाल साहू ने बताया कि जगत जननी मां ब्रम्हचारिणी की असीम कृपा से चैत्र नवरात्र के पावन पर्व में मां ब्रम्हचारिणी माता के दरबार में पंडित अर्जुन प्रसाद तिवारी एवं पंडित देवेंद्र दुबे के पावन सानिध्य में विधिपूर्वक शुभ मुहूर्त में 401 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई है। मां ब्रम्हचारिणी के दर्शन के लिए क्षेत्र के साथ ही दूर-दूर से भक्त आस्था और विश्वास के साथ दर्शन के लिए आते हैं मानते है कि इस दरबार में माता ब्रह्मचारिणी की आराधना से भक्तों के कार्य सिद्ध होते है, मनोकामना पूर्ण होती है।

**गुलमोहर के फूल...**



**मैनपुर।** धीरे-धीरे गर्मी बढ़ती जा रही है और गर्मी में गुलमोहर का लाल सूर्ख चटक यह फूल देखने में सुकुन दे रहा है। यह तस्वीर मैनपुर के ग्राम दबनई में ली गई है।

## कलेक्टर ने बदलवाया ट्रांसफार्मर पेयजल संकट दूर किया : उपसरपंच



**छुरा।** ग्राम पंचायत हरदी में नवनिर्वाचित उप सरपंच रुपनाथ बंजारे ने खबर प्रकाशन के माध्यम से कलेक्टर को ट्रांसफार्मर खराब होने के बारे में अवगत कराया। कलेक्टर ने समस्या को देखते हुए तुरंत त्वरितगति से निराकरण करते हुए खराब ट्रांसफार्मर को बदल कर नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया, जिससे लोगो को पेयजल संकट से राहत मिली। इसी प्रकार जिम्मेदार विभागों को गम्भीर विषयों को देखते हुए हर कार्य को त्वरित गति से पहल करना चाहिए न कि समस्या को बढ़ाते रहे। ज्यादातर गर्मी के दिनों में बिजली और पानी की ही समस्या रहती हैं इसलिए विद्युत विभाग और पी एच ई विभाग को निरंतर निगरानी पूर्वक गांव गांव जाना चाहिए। जिससे लोगों को सरलीकरण हो सके गांव की इस पेयजल संकट को देखते हुए तीन तीनों तक विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी विभागों के संपर्क में चमन लाल यादव आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष गरियाबंद लगे हुए थे। नया ट्रांसफार्मर लगने से अमर तारक, सेवन ध्रुव, लखन तिवारी वरिष्ठ, मंथीर ध्रुव, लोकेश्वर यादव, डिगेश्वर साहू ठेकादार, तारकेश्वर साहू, योगेश तारक, कुलेश्वर सिन्हा, सागर सौरभ तारक, हेमू कंवर, रूपसिंह कंवर, नारायण कंवर, भूपेंद्र टिकेश्वर कंवर, हूमसिंग कंवर, गणपत, हुलस ध्रुव, तेजराम ध्रुव, केदार यादव, हीरालाल बंजारे, छन्नू निषाद, बलदेव साहू, दिनेश तारक, गोलू महाराज, टायल यादव ने कलेक्टर एवं विद्युत विभाग का आभार जताया।

**बरभाठा, पोखरा एवं भसेरा में राज्य स्तरीय मानस सम्मेलन का हुआ समापन**

# सुरक्षा का अचूक कवच होते हैं माता-पिता : थानू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

इस समय समूचे छत्तीसगढ़ में गांव-गांव में मानस सम्मेलन की धूम मची हुई है जहां अलग -अलग जिलों से मानस मंडली पहुंचकर संगीतमय राम कथा की गंगा प्रवाहित कर रहे हैं जिसे देखने सुनने के लिए दूर दराज के लोग पहुंचकर भक्ति के रंग में सराबोर हो रहे हैं। बरभांठा, पोखरा और भसेरा में त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय मानस सम्मेलन 30 मार्च से ऐतिहासिक जल कलश यात्रा आयोजित किया जा रहा है जिसका समापन एक अप्रैल को हुआ। इसमें गरियाबंद जिले के अलावा आसपास के ख्यातनाम मानस मंडलियों को आमंत्रित किया गया है।प्रथम दिवस बरभांठा के मंच से बोलते हुए श्री राधाकृष्ण मानस परिवार परसदाकला के व्याख्याकार थानू राम निषाद ने कहा की जीवन में श्रीराम कथा का बड़ा महत्व है। कथा सुनने मात्र से ही जीवन का कल्याण हो जाता है बशर्ते सुनने का भाव पवित्र होना चाहिए। यदि घर को स्वर्ग बनाना चाहते हो तो माता-पिता के स्नेह के भाव को सदा बनाकर रखो, क्योंकि वे हमारे जीवन में सुरक्षा की अचुक कवच के रूप में होती हैं जो हमें हर परिस्थितियों में सुरक्षा, संबल प्रदान कराता है। अपने से बड़ों के प्रति आदर छोटों के प्रति हमेशा प्यार बनाकर रखें। इसी कारण भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया। भगवान राम ने जो भी कार्य किए वह मर्यादा में रहकर किया। अपने माता-पिता, गुरू एवं भाईयों का का कभी भी अनादर नहीं करना चाहिए। कथा पंडाल में जब भी बैठे मन को एकाग्रचित्त कर बैठे ऐसा करने से हरि कृपा सरल रूप में प्राप्त होती हैं। ईश्वर तक जाने का सबसे सरल एवं सुगम मार्ग है। लोकगायिका रूबी साहू ने एक से बढ़कर एक छत्तीसगढ़ी भक्ति गीत भजन गाकर देर रात्रि तक भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

**मानस मंडलियों ने दी भक्तिमय प्रस्तुति**



श्री राधा कृष्ण मानस परिवार के अलावा श्रीराम के दीवाना बालिका मानस परिवार चरौदा घटारानी, स्वरांजली बालिका मानस परिवार कनसिंघी छुरा, शिवगंगा मानस परिवार धौंराभांठा धमतरी, जय अम्बे महिला मानस परिवार अभनपुर रायपुर, प्रेम संदेश मानस परिवार पसौद फिंगेश्वर, जय मां सरस्वती महिला मानस परिवार तोरला चंपारण की मंडली अपनी भक्तिमय प्रस्तुति दी। पूरे आयोजन को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा। प्रमुख रूप से आयोजन समिति के अध्यक्ष भुनेश्वर निषाद, उपाध्यक्ष संतोष साहू, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू सचिव हेमंत निषाद संरक्षक मेघनाथ पटेल, टुकेश पटेल, सूर्या निषाद पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं। बाहर से आने वाले सभी भक्तों के लिए कौशिल्या भण्डार में भोजन की व्यवस्था की गई है।

